Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 09-03-2006

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Need to look into the problems being faced by Indians working in foreign Countries especially Gulf and Pakistan.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : महोदय, मैं एक महत्वपूर्ण विाय की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। विदेशों में भारतीय को काफी तंग किया जाता है, विशेाकर खाड़ी के देशों में मारपीट, नौकरी के पैसे न देना, बंद रखना आदि। कई भारतीयों को जेलों में बंद रखा जाता है। खासकर पाकिस्तान में कइ बार किसी भारतीय की एक्सीडेंट में मौत हो जाती है या उसका कत्ल कर दिया जाता है तो उसकी लाश को भारत लाने में बड़ी मुश्किल होती है। इसी प्रकार उनके मुआवजे के केसों को निपटाने के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार व इन सभी समस्याओं के हल के लिए एक सैल बना कर, लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।